

दिल्ली, उ0प्र0, हरियाणा, पंजाब, गुजरात एवं राजस्थान में प्रसारित।

# गुरुकृपा दर्पण

राष्ट्रीय हिन्दी साप्ताहिक

UTTHIN/2022/85670

डाक सं० UA/DO/DON/02/2024-2026



वर्ष : 04 | अंक : 25 | हरिद्वार | शनिवार, 5 जुलाई, 2025 | मूल्य : एक रुपया | पृष्ठ : 4


## क्लीन और ग्रीन कांवड़ यात्रा का संदेश देने का हो प्रयासःमुख्यमंत्री

जतिन शर्मा

हरिद्वार।मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कांवड़ यात्रा के सफल संचालन के लिये उत्तराखंड कांवड़ सेवा एप बनाए जाने के निर्देश दिए है इसमें कांवड़ियों की सभी डिटेल उपलब्ध कराई जाए। इस एप का उपयोग हर वर्ष आयोजित होने वाले कांवड़ यात्रा के दौरान किया जा सकेगा, इस से कांवड़ यात्रा पहले से अधिक सुगम और सुरक्षित हो सकेगी। गुरुवार को मेला नियन्त्रण भवन हरिद्वार में उच्चाधिकारियों के साथ कांवड मेला-2025 की तैयारियों की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री धामी ने कांवड़ यात्रा के सकुशल एवं सफलता पूर्वक सम्पन्न कराने हेतु जिला प्रशासन, पुलिस एवं अन्य सम्बन्धित विभागों को चाक चौबंद व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा ऐसे राज्य जहां से अधिकांश कावड़िए आते हैं। उन राज्यों से परस्पर समन्वय, रियल टाइम डाटा शेयरिंग और सुरक्षात्मक दृष्टि से सभी आवश्यक इनपुट्स साझा किए जाएं। मुख्यमंत्री ने कांवड़ यात्रा को आगामी कुंभ मेले का ट्रायल बताते हुए कहा कि ये अनुभव






आगामी कुंभ मेले भी काम आएंगे। मुख्यमंत्री ने अधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि कावड़ यात्रा मार्गो पर किसी भी तरह का अतिक्रमण न हो। उन्होंने कावड़ यात्रा से पहले सभी प्रकार के अतिक्रमणों को हटाने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने यात्रा मार्ग पर स्थित ढाबों और होटलों में सुरक्षा मानकों का अनुपालन कराने के साथ ही फूड लाइसेंस और रेट लिस्ट अनिवार्य रूप से चस्पा किए जाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा यह सुनिश्चित किया जाए कि यात्रा मार्ग पर स्थित होटलों के नाम व होटल स्वामियों के नाम भी अनिवार्य रूप से लिखे हो एवं ओवर रेटिंग की शिकायत आने पर संबंधित होटल स्वामियों पर शक्ति से करवाई की जाए। उन्होंने कहा शराब तथा मीट से संबंधित एसओपी का भी इस दौरान सख्ती से पालन हो। मुख्यमंत्री ने कहा इस वर्ष हमने क्लीन और ग्रीन कांवड़ यात्रा का संदेश देना है। उन्होंने कहा स्वच्छता हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए। जिसके लिए संपूर्ण कावड़ मार्गो पर हर घंटे सफाई अभियान चलता रहे। हरिद्वार, रुड़की, ऋषिकेश और आस पास के क्षेत्रों में हर 1-2 किलोमीटर पर मोबाइल टॉयलेट, कूड़ा निस्तारण के लिए विशेष गाड़ियों की तैनाती की जाए। उन्होंने कहा कांवड़ रूट पर हर 2 से 3 किलोमीटर के अंदर स्वास्थ्य केंद्र, एम्बुलेंस और मेडिकल स्टाफ की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए साथ ही हेल्पलाइन नंबर भी जारी किए जाएं, जिससे आम जन को सहूलियत हो। मुख्यमंत्री ने कहा कि कावड़ियों की सुविधा को देखते हुए स्थानीय निकायों के सहयोग से रैन बसेरों, टेंट सिटी, आश्रय स्थलों का निर्माण किया जाए। यात्रा मार्गो पर आर.ओ टैंकर, वाटर एटीएम की व्यवस्था की जाए। मुख्यमंत्री ने कहा बीते सालों के अनुभवों के आधार पर पार्किंग की अतिरिक्त व्यवस्था हो। मुख्यमंत्री ने कावड़ यात्रा से संबंधित सोशल मीडिया में अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ भी सख्ती से कार्यवाही करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही कांवड़ियों एवं श्रद्धालुओं के लिए श्क्या करें और क्या नहीं करेंश् की जानकारी यात्रा मार्गों पर प्रदर्शित करने के निर्देश दिए।मुख्यमंत्री ने कहा कावड़ यात्रा के दौरान सुरक्षा का भी विशेष ध्यान रखा जाए। सीसीटीवी और ड्रोन से नियमित निगरानी हो। कांवड़ रूट का जीआईएस मैपिंग आधारित ट्रैफिक प्लान तैयार किया जाए और ए.आई आधारित ट्रैफिक मॉनिटरिंग सिस्टम विकसित किया जाए।

## स्वामी चिदानन्द सरस्वती से आशीर्वाद लेने पहुँचे गायक हंसराज

जतिन शर्मा

ऋषिकेश। सुप्रसिद्ध भक्ति संगीत गायक हंसराज रघुवंशी अपनी जीवनसंगिनी कोमल सकलानी, रघुवंशी जी के साथ परमार्थ निकेतन, ऋषिकेश के दर्शनार्थ पधारे। आध्यात्मिकता, शांति, भक्ति और प्रकृति से ओत-प्रोत इस दिव्य स्थल पर पहुँचते ही उन्होंने आध्यात्मिक प्रमुख, परमार्थ निकेतन के अध्यक्ष, स्वामी चिदानन्द सरस्वती जी से भेंट कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

स्वामी चिदानन्द सरस्वती ने उन्हें रुद्राक्ष का पौधा भेंट कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया और कहा, जैसे रुद्राक्ष आध्यात्मिक उर्जा और महाकाल का प्रतीक है, वैसे ही आप अपनी भक्ति



भरी वाणी से जनमानस में सकारात्मक ऊर्जा का संचार कर रहे हैं। आज की युवा पीढ़ी को संगीत के माध्यम से आध्यात्मिकता से जोड़ना एक अद्भुत सेवा है। स्वामीजी ने कहा कि हंसराज की भक्ति संगीत शैली न केवल मन को शांत करती है, बल्कि आत्मा को जागृत करती है। आज जब युवा वर्ग आधुनिकता की अंधी दौड़ में उलझा हुआ है, ऐसे में आपका भक्ति संगीत एक उजास की किरण है, जो युवाओं को धर्म, संस्कृति और जीवन मूल्यों की ओर आकर्षित करता है। हंसराज जैसे कलाकार अपने सुरों से दिलों को जोड़ते हैं। जहाँ सुर, संकल्प और संस्कार एक हो जाएँ, वहाँ ईश्वर स्वयं प्रकट होते हैं। हंसराज जैसे कलाकारों की यात्रा केवल संगीत की नहीं, बल्कि संस्कृति और सेवा की यात्रा है। यही सच्चा परमार्थ है। गायक हंसराज रघुवंशी अपनी धर्मपत्नी कोमल सकलानी रघुवंशी साथ विश्व प्रसिद्ध परमार्थ गंगा आरती में सहभागी बने। परमार्थ गंगा के तट पर संध्या की स्वर्णिम बेला में जब दीपों की रौशनी में हंसराज के भजनों की ध्वनि गूंज, उन्होंने अपनी मधुर वाणी में शिव कैलाशों के वासी, धौली धारों के राजा, शंकर संकट हरना, प्रसिद्ध भजनों को सस्वर गाकर पूरे वातावरण को शिवमय बना दिया। उनकी स्वर लहरियों से पूरा गंगा तट भक्तिरस में डूब गया। उपस्थित श्रद्धालुओं, भक्तों और देश-विदेश से आये पर्यटकों ने मंत्रमुग्ध होकर उनकी प्रस्तुति का आनंद लिया। गंगा जी का तट, पूरा वातावरण दिव्य और भावमय हो गया। हंसराज रघुवंशी ने कहा, परमार्थ निकेतन आकर जो आत्मिक शांति मिली, वह शब्दों में बयान नहीं की जा सकती। यह स्थान केवल एक आश्रम नहीं, बल्कि अध्यात्म और संस्कृति का जीवंत केंद्र है। पूज्य स्वामी चिदानन्द सरस्वती महाराज के दर्शन और मार्गदर्शन उनकी आध्यात्मिक चेतना, पर्यावरण के प्रति प्रेम से मैं अभिभूत हो गया। उन्होंने यह भी कहा कि गंगा जी की आरती में सम्मिलित होना मेरे लिए सौभाग्य की बात है। इस भूमि पर आकर लगता है मानो आत्मा की यात्रा को गंतव्य मिल गया हो। स्वामी जी से मिलकर लगा कि जैसे साक्षात संत परंपरा का दिव्य रूप सामने हो। यहाँ आकर मन शांत हो गया और जीवन के उद्देश्य को और गहराई से समझने का अवसर मिला। परमार्थ निकेतन परिवार की ओर से गायक दंपति का वेदमंत्रों से परमार्थ गुरूकुल के ऋषिकुमारों ने आत्मीय स्वागत किया गया। उन्हें परमार्थ की ओर से स्वामीजी ने हरीत आशीर्वाद स्वरूप एक रुद्राक्ष का पौधा भेंट किया गया। स्वामी चिदानन्द सरस्वती ने कहा कि जैसे आपके भजनों के माध्यम से भक्ति की गंगा बहती है वैसे ही पर्यावरण संरक्षण की गंगा भी बहती रहे।


गुरुकृपा दर्पण (राष्ट्रीय समाचार पत्र) को आवश्यकता है उत्तराखण्ड एवं उत्तर प्रदेश के समस्त जिलों के लिए ब्यूरो चीफ, कैमरा मैन, संवाददाताओं की। सम्पर्क करें - 9410731129, 9548880101

# सम्पादकीय

## सेना को मजबूती


सम्पादक – देवेन्द्र जौहरी

विगत दिनों ईरान-इजराइल के मध्य संघर्ष के बीच ईरान के शक्तिशाली व मजबूत परमाणु संयंत्रो को नष्ट करने की क्षमता न होने के कारण इजराइल को भी अमेरिका की शरण में जाना पड़ा था। ऐसी ही परिस्थितियों से बचने के लिए भारत अब बंकर ब्लस्टर बम बनाने की दिशा में भी अग्रसर है। वर्तमान समय में कुछ ही राष्ट्रों के पास बंकर ब्लस्टर जैसी सुविधा उपलब्ध है और जब भारत भी उस श्रेणी में आ जाएगा। जब भारत का यह स्वदेशी बंकर ब्लस्टर बम बनकर तैयार हो जाएगा तब हमारी अग्नि-5 मिसाइल दुश्मन के मजबूत ठिकानों और तहखानों को मिनटों में ध्वस्त करक वापस चली आएगी। 2014 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार आने के बाद से ही भारत अपनी सेनाओं को आत्मनिर्भर, स्वदेशी तकनीक से समृद्ध, सुदृढ़ व सशक्त बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रहा है। भारतीय सेना को भविष्य की रक्षा चुनौतियों लिए इस प्रकार तैयार किया जा रहा है कि भूमि से लेकर वायु और समुद्र की गहराई से लेकर अंतरिक्ष की ऊंचाईयों तक अपनी सुरक्षा के लिए किसी अन्य पर निर्भर न रहना पड़े। आज अति आधुनिक ड्रोन से लेकर अविश्वसनीय मारक क्षमता वाली मिसाइलों तक का निर्माण भारत में किया जा रहा है। देश का विकास सुरक्षित वातावरण में ही संभव है। देश की सीमाओं को सुरक्षित रखना आवश्यक है।

# सभी के सहयोग से सकुशल सम्पन्न होगा कावड़ मेला : सुनील सेठी



जतिन शर्मा

हरिद्वार। मुख्यमंत्री द्वारा कावड़ मेले की सकुशलता को किए जा रहे कार्य प्रशंसनीय। सीवर कार्यों में टूटी सड़को की मरम्मत, गंगा में प्रदूषण फैलाने वाले घोड़े खच्चर पर रोक, पौराणिक भीमगोड़ा के कायाकल्प के साथ मोतीचूर स्टेशन के विस्तारीकरण की मांग को महानगर व्यापार मंडल जिला अध्यक्ष सुनील सेठी ने मुख्यमंत्री को सौंपा पत्र। इस अवसर पर जिला महामंत्री संजय त्रिवाल रहे उपस्थित। महानगर व्यापार मंडल जिला अध्यक्ष सुनील सेठी ने मुख्यमंत्री द्वारा कावड़ यात्रा पर किए जा रहे कार्यों पर बधाई देते हुए मेला सकुशलता को हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। जिला अध्यक्ष सुनील सेठी एवं जिला महामंत्री संजय त्रिवाल ने कहा कि कावड़ यात्रा आस्था का पर्व है जिस पर शिवभक्तों की इतनी बड़ी तादाद को संभालना किसी चुनौती से कम नहीं है।

## गुरुकुल कांगड़ी विवि में नये कुलाधिपति की नियुक्ति को लेकर विवाद की स्थिति

हरिद्वार। गुरुकुल कांगड़ी विवि में नये कुलाधिपति की नियुक्ति को लेकर विवाद पैदा होने लगा है। विवि की कर्मचारी यूनियन ने केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय और विवि की प्रभारी कुलपति को लेकर पत्र लिखकर नये कुलाधिपति की नियुक्ति प्रक्रिया को लेकर सवाल उठाए हैं। कर्मचारी संघ गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय के अध्यक्ष रजनीश भारद्वाज और महामंत्री नरेंद्र मलिक ने बताया कि यूजीसी रेगुलेशन 2019 के क्रम में प्रायोजक संस्थाओं के कुछ गुटों की ओर से नियुक्त कुलाधिपति एसके आर्य पांच जुलाई को विवि में पधार रहे हैं।

# हरिद्वार में जनवरी और नवंबर में होंगे दो प्रमुख कार्यक्रम



जतिन शर्मा

हरिद्वार। गायत्री परिवार की संस्थापिका माता भगवती देवी शर्मा की जन्मशताब्दी एवं सिद्ध अखण्ड दीप की शताब्दी वर्ष 2026 के आयोजन हेतु गायत्री तीर्थ शांतिकुंज में एक महत्वपूर्ण वर्चुअल बैठक आयोजित हुई। इस बैठक में युवा आइकान डॉ चिन्मय पण्ड्या, व्यवस्थापक योगेन्द्र गिरि सहित देशभर से चयनित वरिष्ठ गायत्री परिजनों ने भाग लिया। इस आयोजन का उद्देश्य मानवता को सेवा, साधना, संस्कार और आत्मिक चेतना से जोड़ते हुए वैश्विक स्तर पर एक सकारात्मक परिवर्तन की अलख जगाना है।

बैठक की अध्यक्षता कर रहे देवसंस्कृति विश्वविद्यालय के प्रतिकुलपति युवा आइकॉन डॉ. चिन्मय पण्ड्या ने बताया कि शताब्दी वर्ष पूरे उत्साह के साथ मनाया जायेगा।

# वैदिक मन्त्रोच्चारण के साथ गुरुकुल कांगड़ी विद्यालय का सत्रारम्भ

हरिद्वार। हरिद्वार गुरुकुल कांगड़ी समविश्वविद्यालय के शैक्षणिक सत्र का शुभारंभ यज्ञ से किया गया। इस अवसर पर समविश्वविद्यालय के मुख्य परिसर स्थित लाल माता यज्ञशाला मे कुलपति प्रो. हेमलता के. की अध्यक्षता मे यज्ञ का आयोजन किया गया जिसमें सभी शिक्षकों तथा शिक्षकेत्तर कर्मचारियों तथा छात्र ने भाग लिया। इस अवसर पर उपस्थित शिक्षक व शिक्षकेत्तर कर्मचारियों व छात्रों को सम्बोधित करते हुए कुलपति प्रो. हेमलता के. ने कहा कि हम सभी समविश्विविधालय के नये सत्र का शुभारंभ वैदिक यज्ञ से कर रहे है। गुरुकुल कांगड़ी अपनी वैदिक शिक्षा पद्धति के लिए समूची दुनिया मे अपनी विशेष पहचान रखता है। हम सभी को मिलकर समविश्विविधालय को शिक्षा के क्षेत्र मे उन्नति के पथ पर ले जाने के लिए मिलकर कार्य करना हैइस अवसर पर मै आप सभी को शुभकामनाएं देती हूँ। समविश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. सुनील कुमार ने कहा कि हमारा विश्वविद्यालय शिक्षा के क्षेत्र मे अपनी विशेष पहचान रखता हैयहां के छात्रों ने विश्व पटल पर अपनी विशेष पहचान स्थापित की है। सीमित संसाधनों के चलते शिक्षा के क्षेत्र मे निरंतर अग्रसर है इसके लिए सभी शिक्षक व कर्मचारी बधाई के पात्र हैहम सभी को मिलकर विश्वविद्यालय की उन्नति के लिए कार्य करना है। शिक्षा व अनुसंधान के क्षेत्र मे आप सभी के सहयोग से विश्वविद्यालय निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर है। इस अवसर पर प्रो एल पी पुरोहित, प्रो राकेश जैन, प्रो नवनीत, प्रो देवेन्द्र गुप्ता, प्रो सत्यदेव निगमालन्कार , प्रो मुकेश, प्रो रामप्रकाश वर्णी, प्रो वी के सिंह, प्रो सुरेखा राणा, डॉ सुयश भारद्वाज, डॉ बिंदु मलिक, डॉ महेंद्र अग्रवाल, प्रो विवेक कुमार, रविकांत शर्मा, डॉ राजकुमार भाटिया, डॉ हिमांशु पंडित, प्रो कर्मजीत भाटिया, डॉ वेदव्रत, डॉ संदीप, डॉ. उधम सिंह, रमेश, रविकांत शर्मा, डॉ दीपक, डॉ भारत वेदालंकार, डॉ अश्वनी जांगडा, डॉ विपिन कुमार शर्मा, प्रो बिंदु अरोड़ा, डॉ विनोद कुमार, डॉ अजेन्द्र सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

# छेड़छाड़ के मामले में कोर्ट के आदेश पर मुकदमा

रुड़की। पिरान कलियर थाना क्षेत्र के हकीमपुर तुर्रा निवासी पीड़िता ने न्यायालय में प्रार्थना पत्र देकर बताया 16 फरवरी 2025 को उसकी सगाई शुभम निवासी ग्राम कुलचंद थाना गागलहेड़ी सहारनपुर के साथ हुई थी। उसके पिता ने सगाई में एक मोटर साइकिल और सोने चांदी के जेवर सहित अन्य सामान दिया था। कुछ समय बाद ही शुभम, उसकी माता पूनम देवी, पिता विनोद कुमार सगाई में दिए दहेज से खुश नहीं थे। शादी में कार और पांच लाख रुपये देने की मांग करने लगे। उसके पिता ने पांच लाख रुपये देने से साफ मना कर दिया तो शुभम के माता-पिता ने शादी करने से इनकार कर दिया। उसके बाद दोनों पक्षों में समझौता हो गया। वह एक कॉलेज से एमए की पढ़ाई कर रही है। फैसला होने के बाद जब वह कॉलेज गई तो शुभम ने अपने दोस्तो के साथ अश्लील हरकतें कर अपशब्दों का प्रयोग किया था। 06 मार्च 2025 को कॉलेज से अपने घर जा रही थी तो उसे रास्ते में रोककर शुभम ने उसके साथ छेड़छाड़ करने का प्रयास किया था। 10 मार्च को भी यही हरकत दोबारा करते हुए उसके साथ मारपीट की और तेजाब डालकर मारने की धमकी देते हुए फरार हो गया। थाना पर प्रभारी रविंद्र कुमार ने बताया कि न्यायालय के आदेश पर शुभम, पूनम और विनोद कुमार निवासी ग्राम कुलचंद उर्फ नथोडी चुड़ियाला थाना गागलहेड़ी, सहारनपुर, उत्तर प्रदेश सहित अन्य के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

darpan NEWS

देवेन्द्र जौहरी

**सहसम्पादक**

जतिन शर्मा

**सहसम्पादक**

विक्रान्त शर्मा

**कानूनी सलाहकार**

जसमहिन्द्र सिंह एडवोकेट

# सीएम धामी ने एक पेड़ मॉ के नाम अभियान के तहत किया पौधारोपण

जतिन शर्मा

हरिद्वार। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरुवार को सीसीआर पहुँचकर एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत रूद्राक्ष के पौधे का रोपण किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्लोबल वॉर्मिंग तथा पर्यावण असंतुलन को रोकने में वृक्षों की महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। उन्होंने बताया कि वृक्षों की महत्वपूर्ण भूमिका को देखते हुए इस अभियान का उद्देश्य है कि प्रत्येक व्यक्ति को अपनी माँ के सम्मान में एक पेड़ लगाने के लिए प्रेरित करना है, ताकि भावनात्मक जुड़ाव के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण को जन-आंदोलन बनाया जा सके। उन्होंने कहा कि माँ और प्रकृति दोनों की सेवा करना हमारा कर्तव्य है। यह अभियान समाज में पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी का भी संदेश देता।

स्वच्छता अभियान में शामिल हुए सीएम धामी

इसके पश्चात मुख्यमंत्री धामी ने सीसीआर के पास गंगा घाट पहुँचकर सफाई एवं स्वच्छता अभियान में



प्रतिभाग करते हुए स्वंय झाड़ू लगाकर स्वच्छता का सन्देश दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में राज्य सरकार स्वच्छ भारत के संकल्प को साकार करने की दिशा में लगातार कार्य कर रही है। सीएम धामी ने प्रदेशवासियों से अपील की कि कचरे को एक नियत स्थान पर ही एकत्रित करें। अपने गांव- शहर को स्वच्छ बनाने में सभी लोग अपनी-अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें, क्योंकि स्वच्छता से सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है तथा बीमारियों के फैलने की संभावना भी नहीं रहती है।

मुख्यमंत्री धामी ने लिया मां गंगा आचमन लिया

मुख्यमंत्री धामी ने मां गंगा का आचमन लिया तथा हाथ जोड़कर नमन करते हुए देश व प्रदेश की सु:ख,शान्ति एवं समृद्धि की कामना की।

श्रद्धालुओं से मिलकर ली व्यवस्थाओं की जानकारी

विभिन्न राज्यों से आये श्रद्धालुओं ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को अचानक अपने बीच पाकर आश्चर्य व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री के साथ फोटो खिंचवाये तथा जमकर सेल्फी लीं। श्रद्धालुओं ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की शालीनता, विनम्रता व सादगी की तारीफ की। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बाहरी राज्यों से पहुँचे श्रद्धालुओं से सीधे संवाद करते हुए यातायात, रूकने, खान-पान सहित विभिन्न व्यवस्थाओं तथा सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। जिस पर सभी श्रद्धालुओं द्वारा अपने यात्रा अनुभव साझा करते हुए देवभूमि तथा व्यवस्थाओं को अच्छा बताया। इस दौरान सांसद कल्पना सैनी, विधायक आदेश चौहान, मदन कौशिक, प्रदीप बत्रा, ममता राकेश, जिला पंचायत अध्यक्ष किरण चौधरी, मेयर किरण जेसल, अनीता, पूर्व कैबिनेट मंत्री स्वामी यतीश्वरानंद, उपाध्यक राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण विनय रोहेला, दर्जा राज्यमंत्री ओम प्रकाश जमदग्नि, शोभाराम प्रजापति, सुनील सैनी, श्यामवीर सैनी, जयपाल सिंह चौहान, देशराज कर्णवाल, श्री गंगा सभा अध्यक्ष नितिन गौतम, बीजेपी जिलाध्यक्ष आशुतोष शर्मा, मधु सिंह, महामंत्री बीजेपी आशु चौधरी, व्यापार मण्डल प्रदेश उपाध्यक्ष संजीव नेयर, महानगर व्यापार मण्डल अध्यक्ष सुनील सेठी, मुख्य सचिव आनन्द वर्द्धन, डीजीपी दीपम सेठ, प्रमुख सचिव आरके सुधांशु, आर. मीनाक्षी सुन्दरम्, मण्डलायुक्त विनय शंकर पाण्डे, सचिव डॉ.पंकज कुमार पाण्डे, धीराज सिंह गर्ब्याल, युगल किशोर पन्त, जिलाधिकारी कर्मेन्द्र सिंह, एसएसपी प्रमेन्द्र डोबाल सहित अन्य अधिकारी व जनप्रतिनिधि आद उपस्थित थे।

## बालक वर्ग में चंडीगढ़ और बालिका वर्ग में हरियाणा की टीम बनी चैंपियन

हरिद्वार। प्रथम युवा अंडर-18 राष्ट्रीय कबड्डी चैंपियनशिप में बालक वर्ग में चंडीगढ़ और बालिका वर्ग में हरियाणा ने शानदार जीत दर्ज कर राष्ट्रीय चैंपियन का खिताब अपने नाम किया। बालक वर्ग के फाइनल में चंडीगढ़ ने हरियाणा को 43-42 के स्कोर से हराया। इससे पूर्व पहले सेमीफाइनल में हरियाणा की टीम ने गोवा को 37-26 से हराया। दूसरे सेमीफाइनल में चंडीगढ़ ने साई की टीम को 39-32 से हराया। बालिका वर्ग के फाइनल में हरियाणा ने राजस्थान को 39-34 से पराजित किया। बालिका वर्ग के पहले सेमीफाइनल में राजस्थान ने तमिलनाडु को 42-32 से हराया। दूसरे मुकाबले में हरियाणा ने साई को 33-28 के अंतर से हराया।

## ग्राम प्रधान और भाइयों पर युवक को घेरकर जानलेवा हमला करने का आरोप, केस दर्ज

हरिद्वार। थाना श्यामपुर क्षेत्र के कांगड़ी गांव निवासी एक युवक ने ग्राम प्रधान और उसके परिजनों पर जानलेवा हमला करने का गंभीर आरोप लगाया है। पीड़ित की ओर से थाने में दी गई तहरीर में कहा गया है कि घटना के दौरान हमलावरों ने उसे चारों तरफ से घेर लिया, गालियां दीं, मारपीट की और सिर पर धारदार हथियार से वार किया, जिससे उसका दांत टूट गया और शरीर पर गंभीर चोटें आईं। युवक की गाड़ी को भी बुरी तरह तोड़ दिया गया। पीड़ित ने पुलिस से आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। एसओ नितेश शर्मा के मुताबिक प्रॉपर्टी डीलर गौरव शर्मा पुत्र राम प्रकाश शर्मा निवासी ग्राम कांगड़ी, थाना श्यामपुर 1 जुलाई को अपने मित्रों नवीन राणा, ऋषि चौधरी और काकू के साथ आलिया रिसॉर्ट के पास स्थित अपनी जमीन पर गया था। वापसी में जब वे सभी सज्जनपुर की ओर जा रहे थे, तभी ग्राम प्रधान योगेश चौहान, उनके भाई नरेश चौहान और दिलावर चौहान ने अपनी गाड़ी उनके आगे लगाकर रास्ता रोक लिया।

## सिडकुल पुलिस ने 3.18 किलोग्राम गांजा के साथ तस्कर दबोचा

हरिद्वार। सिडकुल पुलिस ने 3.186 किलोग्राम अवैध गांजा के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी दिल्ली से गांजा लाकर शहर में सप्लाई करता था। पुलिस के मुताबिक मंगलवार देर रात महीला उपनिरीक्षक मीनाक्षी बिष्ट, कांस्टेबल कुलदीप डिमरी और तनवीर के साथ थाना क्षेत्र में संदिग्ध वाहनों और व्यक्तियों की चेकिंग कर रही थीं। इसी दौरान जब टीम दवा चौक से हीरो कंपनी की ओर जाने वाले मार्ग पर पहुंची, तो वहां एक व्यक्ति पेड़ के पीछे बनी बेंच पर सफेद प्लास्टिक के कट्टे को पकड़े बैठा था।

# अमित शर्मा अखिल भारतीय समाचार पत्र एसोशिएशन प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त

जतिन शर्मा

हरिद्वार। प्रेस क्लब हरिद्वार के पूर्व अध्यक्ष अमित शर्मा को अखिल भारतीय समाचार पत्र एसोशिएशन का उत्तराखंड प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त होने पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से आत्मीय मुलाकात हुई जिसमें मुख्यमंत्री ने नियुक्ति पर हर्ष व्यक्त किया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अमित शर्मा को कहा कि उन्हें पूरा विश्वास है आप समाचार पत्र हितों की रक्षा करते हुए स्वच्छ पत्रकारिकता के उच्च मापदण्डो को बनाने व कायम रखने का काम करते रहे है और भविष्य में भी कर्तव्य निर्वहन करेंगे। उत्तराखंड के मुख्य सचिव आनन्द वर्धन, सूचना



महानिदेशक एवं अपर सचिव मुख्यमंत्री बंशीधर तिवारी उपस्थित थे। वार्ता के समय सहित बहुत से पत्रकार भी उपस्थित रहे।

# टिहरी में खाड़ी के पास कांवड़ यात्रियों का वाहन दुघर्टनाग्रस्त, तीन कांवड यात्रियों की मृत्यु

देहरादून। टिहरी जिले में ऋषिकेश-गंगोत्री हाईवे पर जाजल और फकोट के बीच कांवड़ यात्रियों से भरा ट्रक पलट गया। दुर्घटना में अब तक तीन लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 16 यात्री घायल हुए हैं। ट्रक में कुल 18 कांवड़ यात्री सवार थे, जो ऋषिकेश से गंगोत्री की ओर जा रहे थे। जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी बृजेश भट्ट ने जानकारी दी कि हादसे में एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई थी, जबकि दो अन्य यात्री ट्रक के नीचे दबे मिले। गंभीर रूप से घायल चार यात्रियों को एम्स ऋषिकेश रेफर किया गया। आठ लोगों का उपचार नरेंद्र नगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में और एक व्यक्ति का प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र फकोट में इलाज चल रहा है। दुर्घटना की सूचना मिलते ही राहत और बचाव कार्य तुरंत शुरू कर दिए गए। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने टिहरी जनपद में खाड़ी के पास हुई सड़क दुर्घटना में मृत कांवड़ यात्रियों के प्रति शोक संवेदना व्यक्त करते हुए घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की है। जिलाधिकारी टिहरी ने बताया कि बुधवार सुबह कांवड़ यात्रियों का एक ट्रक खाड़ी से दो किमी आगे पलट गया था। 108 एम्बुलेंस सेवा की मदद से घायल यात्रियों को अस्पताल पहुंचाया गया। जिसमें 18 यात्री सवार थे, उन्होने बताया कि दुर्घटना में तीन कांवड यात्रियों की दु:खद मृत्यु हुई है। दुर्घटना के बाद प्रशासन ने तत्काल राहत एवं बचाव अभियान संचालित करते हुए, सभी यात्रियों को ट्रक से बाहर निकाला। जिसमें से चार घायलों को एम्स ऋषिकेश और शेष को नरेंद्र नगर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उन्होंने बताया कि ट्रक को सीधा कर लिया गया है।

# 26 किमी रिस्पना-बिंदाल एलिवेटेड रोड के लिए केंद्र से अनुरोध:सीएम

- पर्यटकों की बढ़ती संख्या को देखते हुए फ्लोटिंग पापुलेशन हेतु सुविधाओं की व्यवस्था के लिए नीति आयोग से विशेष ग्रांट का आग्रह
- बेहतरीन फाइनेंशियल मैनेजमेंट में उत्तराखंड छोटे राज्यों में दूसरे नंबर पर :मुख्यमंत्री

जतिन शर्मा

देहरादून। सीएम धामी ने कहा कि जल्द ही दिल्ली देहरादून एलिवेटेड रोड शुरू हो जाने पर राज्य में भारी संख्या में पर्यटकों की आने संभावना को देखते हुए राज्य सरकार नियोजन की चुनौती पर अभी से पूरी सक्रियता से कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि शहर की ट्रैफिक समस्या और भविष्य की जरूरत को देखते हुए 26 किमी रिस्पना - बिंदाल एलिवेटेड रोड के लिए केंद्र से अनुरोध किया गया है7 सीएम ने बताया कि पर्यटकों की बढ़ती संख्या को देखते हुए फ्लोटिंग पापुलेशन हेतु सुविधाओं की व्यवस्था के लिए नीति आयोग से विशेष ग्रांट का आग्रह किया गया है7 मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य हर क्षेत्र में उत्कृष्टता की ओर बढ़ रहा है 7 हम एसडीजी इंडेक्स में पहले स्थान पर रहे7 जीईपी लागू करने वाले सबसे पहले राज्य बने । यूसीसी लागू करने वाले भी सबसे पहले साहसी राज्य बने7 हम अपनी 65०० एकड़ से अधिक भूमि अतिक्रमण से मुक्त करवा चुके हैं। राज्य में निरंतर विकास के नवाचार अपनाए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मुख्यमंत्री आवास में फोटोग्राफर भूमेश भारती की कॉफी टेबल बुक एरियल विस्टाज़ ऑफ उत्तराखंड का विमोचन किया। कार्यक्रम में उपस्थित छायाचित्रकारों, कला एवं प्रकृति प्रेमियों सहित उपस्थित सभी महानुभावों का स्वागत एवं अभिनंदन करते हुए मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि भूमेश भारती जी ने 15 वर्षों की अथक साधना, समर्पण और संवेदनशील दृष्टिकोण के साथ उत्तराखंड की प्रकृति और संस्कृति को इस अद्वितीय फोटोग्राफी संकलन द्वारा साकार रूप दिया है। भूमेश जी केवल एक फोटोग्राफर नहीं हैं बल्कि वे एक ऐसे कलाकार हैं, जो प्रकृति के सौंदर्य को आत्मा की गहराई से अनुभव करके अपने कैमरे के माध्यम से दुनिया के समक्ष प्रस्तुत करते हैं। मुझे पूर्ण विश्वास है कि यह कॉफी टेबल बुक जो भी देखेगा, वो न केवल उत्तराखंड की नैसर्गिक सुंदरता से अभिभूत होगा, बल्कि उसे देखने के लिए उत्तराखंड की ओर खींचा चला आएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी देवभूमि उत्तराखंड प्राकृतिक सौंदर्य, सांस्कृतिक विरासत और आध्यात्मिक ऊर्जा का अद्भुत संगम है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हमारी सरकार राज्य में पर्यटन को प्रोत्साहित करने के लिए निरंतर प्रयासरत है। इसी क्रम में हमने डेस्टिनेशन उत्तराखंड को वैश्विक पर्यटन मानचित्र पर स्थापित करने के उद्देश्य से नई पर्यटन नीति के अंतर्गत निवेशकों को आकर्षित करने हेतु अनुकूल वातावरण तैयार करने में सफलता प्राप्त की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार राज्य में धार्मिक, साहसिक, ईको-टूरिज्म, वेलनेस टूरिज्म, एग्रो टूरिज्म और फिल्म पर्यटन जैसे विभिन्न क्षेत्रों को विकसित करने की दिशा में निरंतर प्रयासरत है। आज जहां एक ओर केदारखंड की भांति मानसखंड कॉरिडोर को भव्य रूप में विकसित किया जा रहा है। वहीं ऋषिकेश और हरिद्वार को योग और आध्यात्मिक केंद्रों के रूप में वैश्विक स्तर पर प्रमोट करने के उद्देश्य से योजनाबद्ध रूप से कार्य भी किया जा रहा है। इस वर्ष से हमने शीतकालीन यात्रा भी प्रारंभ की है जिसको प्रोत्साहित करने के लिए स्वयं आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी पिछले दिनों हर्षिल- मुखबा के दौरे पर आए थे। हम राज्य में साहसिक पर्यटन जैसे ट्रेकिंग, रिवर राफ्टिंग, पैराग्लाइडिंग, स्कीइंग और माउंटेनियरिंग को बढ़ावा देने के लिए भी निरंतर प्रयासरत है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने राज्य में फिल्म शूटिंग को आसान बनाने के लिए सिंगल विंडो क्लियरेंस सिस्टम भी प्रारंभ किया है। साथ ही हम उत्तराखंड में शूटिंग करने पर फिल्म निर्माताओं को विशेष सब्सिडी और अन्य सुविधाएं भी प्रदान कर रहे हैं। हमारे इन्हीं प्रयासों का परिणाम है कि उत्तराखंड को राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कारों में मोस्ट फिल्म फ्रेंडली स्टेट के अवॉर्ड से सम्मानित भी किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज उत्तराखंड देश-विदेश के निवेशकों के लिए एक पसंदीदा पर्यटन स्थल बनता जा रहा है। हाल ही में केंद्रीय पर्यटन मंत्रालय की ओर से हमारे चार गांवों जखोल, हर्षिल, गूंजी और सूपी को सर्वश्रेष्ठ पर्यटन ग्राम पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। हमारी सरकार उत्तराखंड को देश का अग्रणी राज्य बनाने के अपने विकल्प रहित संकल्प को पूर्ण करने हेतु पूर्ण प्रतिबद्धता के साथ निरंतर कार्य कर रही है। कार्यक्रम में अपर सचिव मा० मुख्यमंत्री बंशीधर तिवारी, वीसी दून विश्वविद्यालय श्रीमती सुरेखा डंगवाल, प्रदेशभर से आए फोटोजर्नलिस्ट मौजूद रहे ।

# कांवड़ मार्ग में स्थित खाद्य की दुकान पर मालिक का नाम, लाइसेंस और पहचान पत्र दिखाना जरूरी

## कानूनी कार्रवाई व 2 लाख तक का जुर्माना

कांवड़ यात्रा 2०25 के दौरान श्रद्धालुओं को शुद्ध और सुरक्षित भोजन उपलब्ध कराने के लिए शासन ने सख्त व्यवस्था लागू कर दी है। स्वास्थ्य सचिव एवं आयुक्त खाद्य संरक्षा एवं औषधि प्रशासन डॉ आर. राजेश कुमार ने कहा इस संबंध में यात्रा मार्गों पर मौजूद सभी होटल, ढाबा, ठेली, फड़ व अन्य खाद्य कारोबारियों को कुछ जरूरी निर्देश दिए गए हैं, जिनका पालन करना अनिवार्य है, हर खाद्य कारोबारी को अपने लाइसेंस या पंजीकरण प्रमाणपत्र की एक साफ-सुथरी प्रति अपने प्रतिष्ठान में प्रमुख जगह पर लगानी होगी, ताकि उपभोक्ता उसे आसानी से देख सकें। छोटे व्यापारियों व ठेले-फड़ वालों को भी अपना फोटो पहचान पत्र और पंजीकरण प्रमाण पत्र अपने पास रखना और प्रदर्शित करना जरूरी होगा। होटल, भोजनालय, ढाबा और रेस्टोरेंट में %फूड सेफ्टी डिस्प्ले बोर्ड% भी साफ-साफ दिखाई देने वाले स्थान पर लगाया जाना चाहिए, जिससे ग्राहक को यह पता चल सके कि खाने की गुणवत्ता की जिम्मेदारी किसकी है। जो कारोबारी ये निर्देश नहीं मानेंगे, उनके खिलाफ खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2००6 की धारा 55 के तहत कार्रवाई की जाएगी, जिसमें ?2 लाख तक का जुर्माना लग सकता है। सभी संबंधित अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि इन आदेशों का कड़ाई से पालन हो। श्रद्धालुओं की सेहत के साथ कोई समझौता नहीं किया जाएगा। स्वास्थ्य सचिव एवं आयुक्त खाद्य संरक्षा एवं औषधि प्रशासन डॉ आर. राजेश कुमार ने कहा कांवड़ यात्रा के दौरान पंडालों, भंडारों और अन्य भोजन केंद्रों पर परोसे जा रहे खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। मिलावटखोरों और मानकों से खिलवाड़ करने वालों के विरुद्ध तत्काल कानूनी कार्रवाई की जाएगी। यात्रियों की सेहत हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है।

## खाद्य पदार्थों की सघन जांच का अभियान

खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की विशेष टीमें हरिद्वार, देहरादून, टिहरी, पौड़ी और उत्तरकाशी जिलों में तैनात की गई हैं। ये टीमें नियमित रूप से पंडालों से दूध, मिठाई, तेल, मसाले, पेय पदार्थ आदि के नमूने लेंगी और जांच के लिए प्रयोगशालाओं में भेजेंगी। अगर कोई नमूना मानकों पर खरा नहीं उतरता तो संबंधित स्थल को तत्काल बंद कर दिया जाएगा। अपर आयुक्त खाद्य संरक्षा एवं औषधि प्रशासन ताजबर सिंह जग्गी ने कहा सरकार ने यह स्पष्ट कर दिया है कि बिना लाइसेंस खाद्य व्यवसाय करने वालों के खिलाफ कोई नरमी नहीं बरती जाएगी। मिलावट या नियम उल्लंघन करने वालों को आर्थिक दंड के साथ-साथ आपराधिक कार्रवाई का भी सामना करना पड़ेगा।

जतिन शर्मा

हरिद्वार। श्रद्धा और आस्था के महापर्व कांवड़ यात्रा 2०25 को लेकर उत्तराखंड सरकार ने कमर कस ली है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और स्वास्थ्य मंत्री डॉ धन सिंह रावत के नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग ने एक सख्त और समर्पित कार्य योजना तैयार की है, जिसके तहत लाखों श्रद्धालुओं को शुद्ध और सुरक्षित भोजन उपलब्ध कराने के लिए व्यापक निगरानी अभियान चलाया जाएगा।

जागरूकता और शिकायत व्यवस्था

आईईसी (सूचना, शिक्षा एवं संचार) माध्यमों से जनता और संचालकों को शुद्ध भोजन की पहचान, खाद्य नियमों और उपभोक्ता अधिकारों के प्रति जागरूक किया जाएगा। इसके लिए बैनर, पोस्टर, पर्चे और सोशल मीडिया का उपयोग किया जा रहा है। सरकार द्वारा जारी टोल फ्री नंबर - 18००18०4246 पर कोई भी व्यक्ति खाद्य सामग्री की गुणवत्ता को लेकर शिकायत दर्ज कर सकता है। शिकायत पर प्रशासनिक टीमें तुरंत मौके पर जाकर कार्रवाई करेंगी।

नियमित रिपोर्टिंग और अधिकारी जिम्मेदार

हर जिले से प्रतिदिन की गई कार्रवाई की रिपोर्ट शासन को भेजी जाएगी। वरिष्ठ अधिकारियों को निगरानी की जिम्मेदारी सौंपी गई है। किसी भी स्तर पर लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

आस्था के पर्व में स्वास्थ्य का संकल्प

उत्तराखंड शासन ने सभी धार्मिक संस्थाओं, भंडारा संचालकों और खाद्य विक्रेताओं से अपील की है कि वे श्रद्धालुओं की आस्था का सम्मान करते हुए केवल शुद्ध, सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण भोजन परोसें। सरकार की मंशा है कि श्रद्धा और स्वास्थ्य दोनों का संतुलन इस पावन यात्रा में बना रहे।

# सरस्वती विहार में पानी सीवर की समस्या को लेकर जल संस्थान कार्यालय का घेराव

देहरादून। सरस्वती विहार विकास समिति अजबपुर खुर्द ने पानी और सीवर की समस्याओं को लेकर बुधवार को जल संस्थान के सरस्वती विहार स्थित सहायक अभियंता कार्यालय का घेराव करते हुए प्रदर्शन किया। सरस्वती विहार विकास समिति के अध्यक्ष पंचम सिंह बिष्ट, सचिव गजेंद्र भंडारी ने कहा कि सरस्वती विहार दून की सबसे बड़ी कॉलोनी है। जहां पानी और सीवर की समस्याएं आए दिन बनी रहती हैं। अभी मानसून शुरु ही हो रहा है, लेकिन अभी से सरस्वती विहार के ब्लॉक बी वन, ब्लॉक सी, ब्लॉक ई में जगह-जगह सीवर चोक हो रही है। मानसून पूर्व तैयारियों में जल संस्थान द्वारा सीवर लाइन की सफाई व्यवस्था नहीं की गई। जिसके फलस्वरुप लोगों को यह दिन देखना पड़ रहा है। बहुत से लोगों के घरों में सीवर का पानी अंडरग्राउंड वॉटर टैंक में चला गया है। जिससे उनको सामने साफ पानी का संकट हो गया है। समिति पदाधिकारी ने क्षेत्र के लोगों के सम्मुख जल संस्थान के सहायक अभियंता मनोज बिष्ट, कनिष्ठ अभियंता रविंद्र चिनालिया को स्पष्ट शब्दों में कहा कि यदि जल्द ही कॉलोनी की सीवर समस्याएं ठीक नहीं होगी तो विभाग की तालाबंदी की जाएगी। जिसकी समस्त जिम्मेदारी विभागीय अधिकारियों की होगी। क्षेत्रीय पार्षद सोहन रौतेला ने भी अपनी नाराजगी जताई।

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक **देवेन्द्र जौहरी** द्वारा साप्ताहिक समाचार पत्र **''गुरुकृपा दर्पण''** को रूद्र प्रिंटिग प्रेस, ई-34, ओल्ड इंड्रस्ट्रियल एरिया, हरिद्वार (उत्तराखण्ड) से मुद्रित एवं एस-3, अशोक विहार कालोनी, कनखल, हरिद्वार (उत्तराखण्ड) से प्रकाशित।
सम्पादक: **देवेन्द्र जौहरी**
मो. – **9997331129**
E-mail : gurukripadarpan@gmail.com